लोकमत बुधवार, दि. १८ मार्च २०१५

महात्मा गांधी हिंदी विद्यापीठ

वर्धा : ग्रामीण विकासाकरित ग्रामोपयोगी विज्ञान केंद्राने निर्माण केलेल्या तंत्रज्ञानाचा उपयोग झाला पाहिजे. हे तंत्रज्ञान लोकांपर्यंत पोहचविण्यासाठी त्याचा शालेय अभ्यासाक्रमात समावेश करण्याची गरज कुलगुरु प्रआ. गिरीश्वर मिश्र यांनी व्यक्त केली. ग्रामपयोगी विज्ञान केंद्र दत्तपूर व विविध संस्थाच्या सहभागाने आयोजित कार्यक्रमात ते प्रमुख पाहुणे म्हणून बोलत होते. यावेळी अध्यक्षस्थानी भरत महोयदय, प्रा. निशिकांत मुखर्जी, अनिल फरसोले, प्रा. मेहर, केंद्राचे कार्यकारी संचालक डॉ. सोहम पंड्या, रत्ना पंड्या, उमाशंकर भारती, बी.एस.मिरगे यांच्यासह केंद्राचे पदाधिकारी प्रामुख्याने उपस्थित होते. यावेळी धनंजय भट, दिनकर काळे, अंबादास कोंबे, विवेक सोनटक्के, अर्चना परसोडकर, अशोक पाठे, रघाटाटे यांनी उपस्थित विद्यार्थ्यांना कार्यशैलीची माहिती दिली. संचालन डॉ. पंड्या यांनी केले तर आभार अशोक पाठे यांनी मानले.

दैनिक भास्कर

गुरुवार, 5 मार्च 2015

हिंदी विवि को 'ए' ग्रेड

» विवि की उपलब्धि में जुड़ा एक और अध्याय

ब्यूरो | वर्धा.

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विवि वर्धा ने अपनी उपलब्धि का एक और नया कीर्तिमान स्थापित किया है। भारत में हिंदी भाषा का विकास और संवर्धन के लिए स्थापित इस केंद्रीय विवि को राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) ने ए ग्रेड प्रदान किया है। केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्रालय शेष | पेज 16 पर

हिंदी विवि ...

और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने सभी विवि के लिए राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) द्वारा मूल्यांकन एवं प्रत्यायन अनिवार्य कर दिया है जिसके तहत विवि के मूल्यांकन हेतु नैक की पीयर टीम ने 23 से26 फरवरी को विवि के सभी पहलुओं का अवलोकन किया। वि के अकादमिक स्तर, शैक्षणिक गुणवत्ता, शोध की उपलब्धियां, शिक्षकों का उन्नयन और ढांचागत सुविधाएं आदि को देखते हुए नैक ने विवि को ए ग्रेड प्रदान किया। देश के जाने-माने विद्वान शिक्षाविद प्रो. राधावल्लभ त्रिपाठी की अध्यक्षता में प्रो. अवधेश प्रधान, प्रो. गोविंद प्रसाद, प्रो. उषा रानी नारायण, प्रो. सुशील कुमार शर्मा एवं नैक, बंगलौर के समन्वयक डा. गणेश हेगडे ने विवि की सभी विद्यापीठो यथा भाषा, साहित्य, अनुवाद एवं निर्वचन, मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान तथा शिक्षा विद्यापीठ के साथ समस्त प्रशासनीक विभागों, प्रकोष्ठों आदि की कार्यप्रणाली का नैक के मानदंडों के अनुरुप निरीक्षण किया। नैक द्वारा विवि का यह प्रथम मूल्यांकन था और इसके लिए कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र के निर्देशन में विभिन्न समितियां गठित की गई थी। नैक की पीयर टीम ने अपने निरीक्षण के आधार पर रिपोर्ट तैयार की और इस रिपोर्ट के आधार पर विवि को ए श्रेणी के विवि के रूप में स्थान मिला।

वर्धा विश्वविद्यालय को नैक ने दिया 'ए' ग्रेड

भास्कर न्यूज | वर्धा. महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा ने अपनी उपलब्धि में एक और नया कीर्तिमान स्थापित किया है। भारत में हिंदी भाषा के विकास और प्रचार-प्रसार के लिए स्थापित इस केंद्रीय विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) ने 'ए' ग्रेड प्रदान किया है। केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्रालय और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने सभी विश्वविद्यालयों के लिए राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) द्वारा मूल्यांकन एवं प्रत्यायन अनिवार्य कर दिया है जिसके तहत विश्वविद्यालय के मूल्यांकन हेतु नैक की पीयर टीम ने 23 से 26 फरवरी 2015 को विश्वविद्यालय के सभी पहलुओं का अवलोकन किया। विश्वविद्यालय के अकादमिक सत्र, शैक्षणिक गुणवत्ता, शोध की उपलब्धियां, शिक्षकों के उन्नयन और ढांचागत सुविधाएं आदि को देखते हुए नैक ने विश्वविद्यालय को 'ए' ग्रेड प्रदान किया। देश के जाने-माने विद्वान शिक्षाविद प्रो. राधावल्लभ त्रिपाठी की अध्यक्षता में प्रो. अवधेश प्रधान, प्रो. गोविंद प्रसाद, प्रो. ऊषा रानी नारायण, प्रो. सुशील कुमार शर्मा एवं नैक, बंगलौर के समन्वयक डॉ. गणेश हेगड़े ने विश्वविद्यालय की सभी विद्यापीठों यथा भाषा आदि की कार्यप्रणाली का नैक के मानदंडों के अनुरूप निरीक्षण किया।

दैनिक भास्कर

रविवार, 1 मार्च 2015,

नाट्यकला एवं फिल्म अध्ययन विभाग में

'सिने-रंग यात्रा' मासिक भित्ति पत्रक का विमोचन

ब्यूरो, वर्धा.

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के नाट्यकला एवं फिल्म अध्ययन विभाग में विभाग के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रकाशित मासिक भित्ति पत्रक सिने-रंग यात्रा का विमोचन कुलपति प्रो.गिरीश्वर मिश्र द्वारा प्रतिकुलपति प्रो.चित्तरंजन मिश्र की प्रमुख उपस्थिति में किया गया। विमोचन के अवसर पर भित्ति पत्रक के संरक्षक प्रो. सुरेशशर्मा, प्रभारी संपादक डा. सतीश पावडे, प्रो.सुरज पालीवाल, प्रो.अरविंद झा, डा.अनिल दुबे, बी.एस.मिरगे, ओ.एस.डी.नरेंद्र सिंग, डा.हिमांशू नारायण छात्र संपादक मनीष कुमार जैसल आदि प्रमुखता से उपस्थित थे। पत्रिका के संपादक मंडल में कुमार गौरव मिश्रा, अशोक कुमार यादव, आशीष कुमार, कविता सिंह चौहान, उत्कर्ष मिश्रा, नीतू जैन शामिल थे। पत्रिका के लिए कला सहयोगी के रूप में दीप्ति ओगरे, प्रीतेश पांडे, नितीश भारद्वाज एवं कृष्णमोहन ने सहयोग दिया ।

दैनिक भास्कर
बुधवार, 11 मार्च 2015

हिंदी विवि में राष्ट्रीय सेवा योजना का उपक्रम

उमरी मेघे में विशेष शिविर आज

ब्यूरो | वर्धा.

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर का आयोजन जिले के उमरी मेघे गांव में किया है। शिविर का उद्घाटन उमरी स्थित श्री शंकर देवस्थान परिसर में विवि के प्रतिकुलपति प्रो. चित्तरंजन मिश्र द्वारा 11 मार्च को दोपहर 3 बजे किया जाएगा। कार्यक्रम में गटशिक्षा अधिकारी अशोक कोडापे, जिला परिषद उच्च प्राथमिक शाला के मुख्यध्यापक प्रा. देवकर उमरी मेघे के उपसरपंच सचिन खोसे, राष्ट्रीय सेवा योजना के संयोजक डा.अनवर अहमद सिद्धिकी सहसंयोजक डा. सुप्रिया पाठक, बी.एस मिरगे प्रमुखता से उपस्थित रहेंगे। शिविर में स्त्री स्वयंसिद्ध, राष्ट्रीय सेवा योजनाः एक राष्ट्रीय कर्म, निरक्षरता संबंधी जनजागृति, ग्राम स्वच्छताः सामाजिक दायित्व, स्वाइन फ्लू से बचाव, व्यक्तित्व विकास एवं आत्मरक्षा, अंधविश्वास एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण नशा मुक्ति के उपाय, मासिक स्वास्थ्य में योग का महत्व, पंचायती राज व्यवस्था एवं ग्रामीण विकास, ग्रामपयोगी विज्ञान की उपयोगिता, संक्रामक रोगों से बचाव, ग्राम विकास में सामाजिक सौहार्द आदि विषयों पर मार्गदर्शन एवं चर्चाएं आयोजित की जाएगी। प्रत्येक दिन शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसमें लोकगीत, भजन, खंजेरी, वादन, लोक-नृत्य, स्वयंस्फूर्ति प्रतियोगिता एवं अंताक्षरी आदि की प्रस्तुतियां होगी। शिविर में जिलाधिकारी एन. नवीन सोना, जिला शेष | पेज 16 पर

उमरी मेघे में ...

परिषद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संजय मीणा, पुलिस-उपअधीक्षक आर.जी. किल्लेकर, सेवाग्राम मेडिकल कॉलेज की डा. अनुपमा गुप्ता, डा. प्रवीण सातपुते, डा. धनंजय सोनटक्के , डा. विनोद मुरकुटे, डा.कल्पना दुबे, डा. सतीश पावडे, डा.वाजपेयी, संजय इंगले तिगांवकर, डा. भरत राठी, प्रा. अल्पना वनमाली, डा. सोहम पंडया आदि विविध विषयों पर मार्गदर्शन एवं संबोधन करेंगे। विशेष शिविर का समापन विवि के कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र द्वारा 15 मार्च को दोपहर 12 बजे किया जाएगा। इस अवसर पर विवि के अनुवाद प्रौद्योगिकी विभाग के अध्यक्ष प्रो. देवराज तथा शिक्षा विद्यापीठ के संकायाध्यक्ष प्रो. अरविंद कुमार झा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

लोकमत समाचार
अपना विदर्भ
बुधवार, 11 मार्च 2015

हिंदी विवि का शिविर आज

वर्धा : हिंदी विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना का 11 मार्च को उमरी (मेघे) में आयोजित किया जा रहा है. शिविर का उदघाटन दोपहर 3 बजे किया जाएगा. कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रकुलपति चित्तरंजन मिश्र करेंगे. जिप शाला मुख्याध्यापक देवकर, उपसरपंच सचिन खोसे उपस्थित रहेंगे.

लोकशाही वार्ता
बुधवार, ११ मार्च २०१५

आजपासून विशेष शिबिर

प्रतिनिधी/ वर्धा

महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्व विद्यालयातील राष्ट्रीय सेवा योजनेच्या विशेष शिबिराचे आयोजन बुधवार दि. ११ ते १५ मार्च दरम्यान उमरी (मेघे) येथे करण्यात आले आहे. शिबिराचे उद्घाटन प्रतिकुलपती प्रो. चित्तरंजन मिश्र, श्री शंकर देवस्थान परिसरात करतील. कार्यक्रमात गटशिक्षण अधिकारी अशोक कोडापे, जि.प. उच्च प्रा.शाळेचे मुख्याध्यापक प्रा. देवकर, उमरी (मेघे)चे उपसरपंच सचिन खोसे, राष्ट्रीय सेवा योजनेचे संयोजक डॉ. अनवर अहमद सिद्दीकी, सहसंयोजक डॉ. सुप्रिया पाठक, बी.एस.मिरगे ग्रामुख्याने उपस्थित राहतील. या शिबिराचा समारोप कुलगुरू प्रो. गिरीश्वर मिश्र यांच्या हस्ते १५ मार्च रोजी दुपारी १२ वाजता करण्यात येईल.

दैनिक भास्कर

शुक्रवार. 13 मार्च, 2015

शिविर से परिस्थितियों का सामना करने की मिलती है हिम्मत : सुब्बाराव

राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर का उमरी मेघे में उद्घाटन

ब्यूरो | वर्धा.

राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविरों के माध्यम से प्रतिकूल परिस्थितियों एवं अभाव में जीवन जीने का कौशल, स्वावलंबन तथा क्षमता को विकसित किया जा सकता है।उक्त प्रतिपादन राष्ट्रीय सेवा योजना के संस्थापक एन.एस सुब्बाराव ने व्यक्त किए। वे महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विवि के राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर-2015 के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विवि के प्रतिकुलपति प्रो. चित्तरंजन मिश्र ने की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि महात्मा गांधी ग्रामीण

औद्योगिकीकरण संस्थान के निदेशक डा. प्रफुल्ल काले, राष्ट्रीय सेवा योजना के संयोजक डा. अनवर अहमद सिद्धीकी, कार्यक्रम अधिकारी डा. सुप्रिया पाठक, बी.एस मिरगे मंचासीन थे। अध्यक्षीय संबोधन में प्रतिकुलपति प्रो.चित्तरंजन मिश्र ने कहा की शिक्षा को वास्तविक अर्थों में समाज से जोड़ने के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे हैं। उद्घाटन समारोह में अतिथियों का स्वागत एवं परिचय डा. अनवर अहमद सिद्धीकी ने किया। प्रास्ताविक बी.एस मिरगे ने किया। संचालन रासेयो स्वयंसेवक रॉकी ने किया तथा आभार डा. सूप्रिया पाठक ने माना। पांच दिवसीय शिविर में विभिन्न सामाजिक विषयों पर मार्गदर्शन एवं चर्चाएं आयोजित की जाएगी। प्रत्येक दिन शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। शिविर में विवि के प्रो. सुरज प्रसाद पालीवाल, प्रो.अनिल कुमार राय, प्रो. सुरेश शर्मा, प्रो. मनोज कुमार, जिलाधिकारी एन.नवीन सोना, जिला परिषद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संजय मीणा, पोलिस उप-अधिक्षक आर.जी.किल्लेकर, सेवाग्राम मेडिकल कॉलेज की डा. अनुपमा गुप्ता, डा. प्रवीण सातपुते, डा.धनंजय सोनटक्के, डा. विनोद मुरकुटे, डा.कल्पना दुबे, डा. सतीश पावडे, डा. वाजपेयी, संजय इंगले तिगांवकर, डा.भरत राठी, प्रा. अल्पना वनमाली, डा. सोहम पंडया आदि विविध विषयों पर मार्गदर्शन एवं संबोधन करेंगे। विशेष शिविर का समापन रविवार 15 मार्च को दोपहर 12 बजे विवि के कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र द्वारा किया जाएगा। समापन समारोह में विवि के अनुवाद प्रौद्योगिक विभाग के अध्यक्ष प्रो. देवराज तथा शिक्षा विद्यापीठ के संकायाध्यक्ष प्रो. अरविंद कुमार झा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

समाज उत्थान के लिए महिलाएं पहल करें

नागरिकों को सुजान व जिम्मेदार बनाने का कार्य महिलाएं ही कर सकती है। आज देश के सामने बेरोजगारी, हिंसा व भ्रष्टाचार जैसी समस्याओं पर मात करने के लिए महिलाओं को पहल करने की जरूरत है। यह विचार वरिष्ठ गांधी विचारक डा. एस.एन. सुब्बाराव ने व्यक्त किये। नेहरू युवा केन्द्र तथा प्रहार समाज जागृति संस्था के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित महिलाओं के लिए तीन दिवसीय युवा नेतृत्व व समुदाय विकास प्रशिक्षण शिविर में वे बोल रहे थे। शिविर का उद्घाटन गृहरक्षक दल के जिला प्रशिक्षण केन्द्र में किया गया। अतिथि के रूप में जिला समादेशक प्रा. मोहन गुजरकर, पीपल फॉर एनिमल्स के आशीष गोस्वामी, सहायक समादेशक चंद्रकांत हिवरे, प्रशासकीय अधिकारी भगवान शेटे, समादेशक अधिकारी सुरेश डुये, केन्द्र नायक रविंद्र चरडे, दीपेश जवादे उपस्थित थे। संचालन नेहरू युवा केन्द्र के धुवारे ने किया तथा आभार गृहरक्षक मीनल ब्राम्हणे ने माना।

दैनिक भास्कर

बुधवार, 18 मार्च, 2015

हिंदी विवि में विभिन्न उपक्रमों का आयोजन

श्रमदान एवं स्वच्छता अभियान शिविर का आयोजन

ब्यूरो|वर्धा.

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय द्वारा उमरी (मेघे) में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना के पांच दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन गुरूवार को विभिन्न कार्यक्रमों एवं उपक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों सहित उमरी गांव के विद्यार्थी तथा नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

स्वंय सेवकों द्वारा श्री शंकर देवस्थान तथा उमरी गांव की मुख्य सडकों पर श्रमदान एवं स्वच्छता अभियान चलाकर कार्यक्रम की शुरूआत की। स्वच्छता अभियान के बाद विवि के नाट्यकला एवं फिल्म अध्ययन विभाग के सहायक प्रोफेसर डा. सतीश पावड़े ने निरक्षरता एवं जनजागृति पर व्याख्यान दिया। उन्होंने स्वयंसेवकों से आह्वान किया की वे अपनी पढ़ाई के दौरान गांवों में जाकर या आसपास के परिसर के बच्चों को पढ़ाई के अवसरों एवं शिक्षा के लाभ आदि से अवगत कराएं। कार्यक्रम में रासेयो के संयोजक डा. अनवर अहमद सिद्दीकी, कार्यक्रम अधिकारी बी.एस. मिरगे ने भी मार्गदर्शन किया। शिविर के दूसरे सत्र में जिला परिषद के प्राथमिक विद्यालय में आयोजीत कार्यक्रम में व्यक्तित्व विकास एवं आत्मरक्षा विषय पर जुडो कराटे प्रशिक्षक उल्हास वाघ ने छात्र-छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्याध्यापक कृष्णा देवकर ने की। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र तथा शिक्षक भी सहभागी हुए।

दैनिक भास्कर

गुरुवार, 19 मार्च, 2015

प्राद्योगिकी का उपयोग विकास के लिए हो : प्रो. मिश्र

ब्यूरो | वर्धा.

ग्रामीणों के विकास के लिए ग्रामोपयोगी विज्ञान केंद्र द्वारा निर्मित प्रौद्योगिकी का उपयोग होना चाहिए। केंद्र की परियोजनाओं का समावेश पाठ्यक्रम में भी होना चाहिए। यह विचार महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विवि के कुलपति प्रो. गिरिश्वर मिश्र ने किए। वे राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर ग्रामपयोगी विज्ञान केंद्र, दत्तपुर के डा. देवेंद्र कुमार सभागृह में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे।

इस अवसर पर ग्रामोपयोगी विज्ञान केंद्र के अध्यक्ष भरत महोदय, उपाध्यक्ष प्रो. निशिकांत मुखर्जी, अनिल फरसोले, जमनालाल बजाज फांउडेशन के प्रो. अशोक मेहरे, केंद्र के कार्यकारी संचालक डा. सोहम पंडया, रत्ना पंडया, उमाशंकर भारती, आर. सी. प्रधान, विवि के जनसंपर्क अधिकारी बी.एस. मिरगे समेत केंद्र के पदाधिकारी प्रमुखता से उपस्थित थे। कुलपति प्रो. मिश्र ने कहा कि ग्रामोपयोगी विकास केंद्र गांव के विकास के लिए काम कर रहा है। केंद्र के कार्य बीज के रूप में हैं जो आनेवाले समय में महावृक्ष में परिवर्तित होंगे। उन्होंने कहा विकास से व्यक्ति का आचरण अच्छा होना चाहिए। यह केंद्र विकास के साथ-साथ जीवन की भी बात करता है। यहां की अनेक परियोजनाएं ग्रामीण विकास के लिए फायदेमंद हैं। कूड़े-कचरे से अनेक प्रकार की उपयोगी सामग्री तैयार की जाएगी। उन्होंने केंद्र के पदाधिकारियों से आग्रह किया कि वे विवि को ग्रामोपयोगी विकास केंद्र के कार्यक्रमों में सहभागी बनाएं। उन्होंने ग्रामपयोगी विज्ञान केंद्र द्वारा निर्मित सामग्री एवं परियोजनाओं का प्रचार-प्रसार करने पर भी बल दिया। इस अवसर पर भरत महोदय ने कहा कि वर्धा में कई संस्थाएं हैं, जो राष्ट्रीय स्तर पर काम कर रही हैं। इन संस्थाओं को आपस में मिलकर काम करना चाहिए ताकि आसपास के ग्रामों के विकास में हम सभी शामिल हो सकें। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को विज्ञान के लाभ इन संस्थाओं के माध्यम से मिलने चाहिए। इस अवसर पर आर.सी. प्रधान, प्रो. निशिकांत मुखर्जी, केंद्र के सदस्य अनिल फरसोले, प्रा. अशोक मेहरे, केंद्र के संचालक सुधीर पारगांवकर, कार्यकारी संचालक डा. सोहम पंडया आदि ने विचार रखे। इस दौरान कुलपति प्रो. मिश्र और अन्य अतिथियों ने ग्रामोपयोगी विज्ञान केंद्र द्वारा बनाए गए विविध मॉडल एवं परियोजनाओं का निरीक्षण किया। केंद्र के कार्यों का परिचय रत्ना पंडया, शीला आगलावे, धनंजय भट, दिनकर काले, अंबादास कोंबे, विवेक सोनटक्के, अर्चना परसोड़कर, अशोक साठे, सुनील रघाटाटे आदि ने कराया। संचालन डा. सोहम पंडया ने किया। आभार अशोक पाठे ने माना।

दैनिक भास्कर

शुक्रवार, 20 मार्च 2015

चित्रलेखा अंशु, भावना मासीवाल के पोस्टर को मिला प्रथम पुरस्कार

ब्यूरो| वर्धा.

बरकतउल्ला विवि भोपाल के महिला अध्ययन विभाग द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में जेंडर और आजीविका अवसर तथा चुनौतियां इस विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया था।

संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य महिला आजीविका के प्रश्न को वृहद परिवेश में देखना तथा स्त्री सशक्तिकरण के संबंध को रेखांकित करना था।

संगोष्ठी में शोध-पत्र प्रस्तुतिकरण के साथ ही राष्ट्रीय पोस्टर प्रतिस्पर्धा का भी आयोजन किया गया था, जिसमें गहात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विवि की ओर से स्त्री अध्ययन विभाग की शोधार्थी चित्रलेखा अंशु और साहित्य विभाग की शोधार्थी भावना मासीवाल ने हिस्सा लिया था।

पोस्टर प्रतिस्पर्धा के अंतर्गत असंगठित क्षेत्र में महिलाओं का स्थान कहां? विषय को केंद्र में रख कर बनाए गए पोस्टर के लिए इन्हें प्रथम पुरस्कार दिया गया।

दैनिक भास्कर

शुक्रवार, 20 मार्च,

हिंदी विवि में राष्ट्रीय संगोष्ठी 28 से

विवि का शिक्षा, मनोविज्ञान तथा भारतीय सामाजिक अनुसंधान परिषद का संयुक्त आयोजन

ब्यूरो | वर्धा.

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विवि का शिक्षा एवं मनोविज्ञान विभाग तथा भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में 28,29 एवं 30 मार्च को राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है।

शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षा, सीखने और जानने की दृष्टियों में बदलाव विषय पर तथा मनोविज्ञान विभाग द्वारा आधुनिक जीवन में मूल्य संकट:समाज वैज्ञानिक परिप्रेक्ष्य और हस्तक्षेप विषय पर आयोजित इस तीन दिवसीय संगोष्ठी का उद्घाटन 28 मार्च को होगा जिसमें सुदरलाल वर्मा मुक्त विवि, बिलासपुर के प्रो. वंश गोपाल सिंह, एनसीईआरटी, नई दिल्ली के निदेशक प्रो.बी.के.त्रिपाठी, दिल्ली विवि में अंतरराष्ट्रीय संबंध विभाग के अधिष्ठाता प्रो. आनंद

प्रकाश, दिल्ली विवि में महिला अध्ययन व विकास विभाग के निदेशक प्रो.भारती बावेजा, बरकतउल्ला विवि भोपाल के प्रो. कैलाशनाथ त्रिपाठी तथा आईआईटी कानपुर के प्रो.लीलावती कृष्णन मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहेंगे। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र करेंगे। शिक्षा विद्यापीठ के अधिष्ठाता प्रो.अरबिंद कुमार झा ने बताया कि संगोष्ठी में शिक्षा और मनोविज्ञान से संबंधित विभिन्न विषयों पर शोधपत्र प्रस्तुत किए जाएंगे। गाष्ठी में सहभागिता करने हेतु अध्यापकों के लिए रुपए 700 तथा शोध विद्यार्थियों के लिए रुपए 500के साथ पंजीकरण करना होगा तथा शेष | पेज 16 पर

हिंदी विवि में राष्ट्रीय ...

उनके भोजन एवं निवास की व्यवस्था विवि द्वारा की जाएगी। उन्होंने शिक्षा और मनोविज्ञान से जुडे अध्यापकों एवं शोधार्थियों से आह्वान किया कि वे अपना पंजीकरण 22 मार्च तक सुनिश्चित कर लें। अधिक जानकारी के लिए ऋषभ कुमार मिश्र, निधि गौर, धमेंद्र शंभरकर, डा.अमित कुमार त्रिपाठी तथा डा.अरुण प्रताप सिंह से संपर्क किया जा सकता है।

दैनिक भास्कर

शनिवार. 21 मार्च, 2015

राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर में

अंधविश्वास और वैज्ञानिक दृष्टिकोण पर व्याख्यान

चमत्कार का कोई वैज्ञानिक आधार नहीं है : तिगांवकर

ब्यूरो | वर्धा.

विज्ञान चिकित्सा पर आधारित होता है और चमत्कार को काई वैज्ञानिक आधार नहीं है। मानसिकता का फायदा उठाकर समाज में अंधविश्वास फैलाया जाता है।

भ्रम और आभास को सच्चाई मानकर भूत जैसी संकल्पना का प्रसार किया जाता है और लोगों को ठगाने का काम किया जाता है। उक्त विचार अखिल भारतीय अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति के महाराष्ट्र राज्य के सलाहकार तथा दत्ता मेघे आयुर्विज्ञान संस्थान के जनसंपर्क अधिकारी संजय इंगले तिगांवकर ने व्यक्त किए।

वे महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विवि की राष्ट्रीय योजना द्वारा उमरी मेघे में आयोजित विशेष शिविर में अंधविश्वास और वैज्ञानिक दृष्टिकोण विषय पर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन कर रहे थे। राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा उमरी मेघे में विशेष शिविर का आयोजन किया गया था। श्री शंकर देवस्थान के सभागार में तिगांवकर ने विविध प्रयोगों के माध्यम से अंधविश्वास किस प्रकार फैलाया जाता है इसके बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि टीवी और फिल्मों के माध्यम से भूत जैसी अस्तित्वहीन संकल्पनाओं के बारे में बताया जाता है, वास्तव में दुनिया में भूत नाम की कोई भी संकल्पना मौजूद ही नहीं है। उन्होंने कहा कि अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति पिछले तीन दशकों से समाज में फैले अंधविश्वास के प्रति जागरूकता लाने का कार्य करती है। कार्यक्रम में उन्होंने छात्रों द्वारा पूछे गए सवालों का समाधान भी किया। कार्यक्रम का संचालन रासेयो संयोजक डा. अनवर अहमद सिद्दीकी ने किया तथा आभार कार्यक्रम अधिकारी बी.एस.मिरगे ने माना। इस अवसर पर शिविरार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

दैनिक भास्कर
रविवार, 21 मार्च, 2015

नवाचार मेले में हिंदी विवि हुआ सहभागी

ब्यूरो | वर्धा.

राष्ट्रपति भवन में आयोजित नवाचार मेले में महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विवि की ओर से भाषा विद्यापीठ में सहायक प्रोफेसर डा. धनजी प्रसाद तथा लीला विभाग के प्रभारी गिरीश चंद्र पाण्डेय सहभागी रहे। इस आयोजन में हिंदी को कम्प्यूटर और स्मार्ट तकनीकी साधनों में प्रयोग के लिए सक्षम बनाने में विवि में विकसित किए जा रहे हिंदी के भाषिक विश्लेषण और शिक्षा से संबंधित अनेक सॉफ्टवेयर और एप्स का प्रदर्शन किया गया और प्रस्तुतिकरण दि या गया। साथ ही विवि द्वारा हिंदी को अंतरराष्ट्रीय भाषा के रूप में स्थापित करने के लिए किए जा रहे आवश्यक शिक्षा, शोध और सामग्री निर्माण से संबंधित कार्यों को भी रेखांकित किया गया। यह आयोजन राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी के पहल पर भारत के राष्ट्रीय

संस्थानों द्वारा अलग-अलग किए जा रहे नवीन अनुसंधानों, शोधकार्यों और नवाचारों को एक-दूसरे से मिलाने और परस्पर सहयोग को बढ़ावा देने की योजना के अंतर्गत किया गया। इसमें भारत के सभी केंद्रीय विवि और प्रमुख केंद्रीय संस्थानों जैसे आई.आई.टी तथा एन.आई.टी की सहभागिता रही। इनमें से केवल 5 संस्थानों एवं विवि को प्रस्तुतिकरण का अवसर प्रदान किया गया, जिनमें से एक महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विवि, भी इस प्रस्तुतिकरण में विवि में विकसित किए गए वर्तनी जांचक, रूपविश्लेषक, रूपसर्जक, टैगर, देवनागरी रोमन लिप्यंतरण प्रणाली, पुस्तकालय प्रबंधन, शब्दत-गणना निर्धारक, अवकाश विवरण आदि सॉफ्टवेयरों और हिंदी सीखें एप का परिचय दिया गया। प्रस्तुतिकरण करने के पश्चात सभी विवि का पोस्टर मैदान में आयोजन स्थल पर लगाया गया। जिसमें बाहर के लोगों ने भी विभिन्न प्रकार के प्रश्न पूछे और जानकारियां ली। इस आयोजन में सहभागी हुए सभी विवि / संस्थानों और उनके नवाचार क्लब सदस्यों की उपलब्धियों को बुकलेट ऑन वर्किंग ऑफ नैशनल इनोवेशन क्लब ऍट द रेट इन्स्टिट्यूट ऑफ हायर स्टडिज नाम से प्रकाशित भी किया गया है। इसकी एक-एक प्रति सहभागिता कर रहे नवाचार क्लब सदस्यों को भी प्रदान की गई। डा. धनजी प्रसाद और गिरीश चंद्र पाण्डेय द्वारा यह पुस्तक कुलपति प्रो.गिरीश्वर मिश्र को भेंट की गई।

दैनिक भास्कर

शुक्रवार, 27 मार्च, 2015

विवि प्रशासन के अन्याय को रोकें

» विवि के प्रोफसर शिवप्रिय ने कुलपति को सौंपा ज्ञापन

ब्यूरो | वर्धा.

महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विवि प्रशासन द्वारा लगातार प्रताड़ित किए जाने तथा वेतन नहीं देने के कारण त्रस्त हुए प्रोफेसर ने हिंदी विवि के कुलपति को ज्ञापन सौंपकर न्याय देने की मांग की है। हिंदी विवि के नेहरू अध्ययन केन्द्र में कार्यरत प्रोफेसर शिवप्रिय ने ज्ञापन में कहा है कि उन्हें विविध प्रशासनों की ओर से लगातार प्रताड़ित किया जा रहा है। उन्हें उनके काम का सात माह का वेतन भुगतान बार-बार लिखित अनुरोध के बाद भी नहीं लिया गया। जिस कारण शीघ्र वेतन अदा कराने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि प्रतिकुलपति चित्तरंजन मिश्र से लिखित रूप में वेतन भुगतान के लिए आवदेन देने पर भी उनसे अच्छा बर्ताव नहीं किया गया, इस कारण उनका लिखित तर्क प्रस्तुत करने की मांग की गई। इसके अलावा 1 नवंबर 2013 से 31 मार्च 2017 तक की अवधि तक के लिए डिप्टी-कोआर्डिनेट के पद अस्थाई रूप में कार्यरत था, लेकिन 28 अक्टूबर 2014 से आगे की अवधि का सेवा विस्तार पत्र आज तक लंबित है, जिस कारण गत पांच माह से वेतन नहीं मिला है। यह वेतन देने की

शेष | पेज 16 पर

विवि प्रशासन...

मांग ज्ञापन में की गई है। इसके अतिरिक्त अध्ययन क्षेत्र से जुड़े गाईड़ की व्यवस्था करें, सार्वजनिक रूप से मेरी मानहानि के लिए विवि प्रशासन द्वारा कारवाई करने की मांग प्रोफेसर शिवप्रिय ने ज्ञापन से की है। उनका कहना है कि प्रशासकीय अधिकारियों द्वारा मेरे जीवन से खिलवाड़ करने के कारण अपमानित और उत्पीड़ित महसूस करता हूं। जिस कारण न्याय देने अन्यथा जिलाधिकारी कार्यालय के समक्ष आमरण अनशन करने की चेतावनी प्रोफेसर शिवप्रिय ने ज्ञापन से दी है।।

दैनिक भास्कर

शुक्रवार, 27 मार्च, 2015

(3)

हिंदी विवि में राष्ट्रीय संगोष्ठी कल से

ब्यूरो | वर्धा. ममहात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विवि का शिक्षा एवं मनोविज्ञान विभाग तथा भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में 28, 29 एवं 30 मार्च को राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। शिक्षा विभाग के द्वारा शिक्षण सीखने और जानने की दृष्टियों में बदलाव तथा मनोविज्ञान विभाग की ओर से आधुनिक जीवन में मूल्य संकटः समाज वैज्ञानिक परिप्रेक्ष्य और हस्तक्षेप विषय पर आयोजित इस तीन शेष | पेज 16 पर

हिंदी विवि में ...

दिवसीय संगोष्ठी का उद्घाटन 28 मार्च को होगा। जिसमें सुंदरलाल वर्मा मुक्त विवि बिलासपुर के प्रो. वंश गोपाल सिंह, एनसीईआरटी नई दिल्ली के निदेशक प्रो. बी. के त्रिपाठी, दिल्ली विवि में अंतरराष्ट्रीय संबंध विभाग के अधिष्ठाता प्रो. आनंद प्रकाश, दिल्ली विवि में महिला अध्ययन व विकास विभाग की निदेशक प्रो.भारती बावेजा, बरकउल्ला विवि, भोपाल के प्रो. कैलाशनाथ त्रिपाठी तथा आईआईटी कानपुर के प्रो. लीलावती कृष्णन मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहेंगे। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र करेंगे। संगोष्ठी समन्वयक व आयोजक सचिव तथा शिक्षा विद्यापीठ के अधिष्ठाता प्रो. अरबिंद कुमार झा ने बताया कि तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में शिक्षा और मनोविज्ञान से संबंधित विभिन्न विषयों पर शोधपत्र प्रस्तुत किए जाएंगे। संगोष्ठी के माध्यम से शिक्षा और मनोविज्ञान जुड़े अध्ययनकारियों और शोधकर्ताओं को आमंत्रित कर रहा है। संगोष्ठी के विषय में अधिक जानकारी के लिए ऋषभ कुमार मिश्र, निधि गौर, धर्मेंद्र शंभरकर, डा. अमित कुमार त्रिपाठी तथा डा. अरुण प्रताप सिंह से संपर्क किया जा सकता है।

दैनिक भास्कर

शुक्रवार, 27 मार्च 2015

भाषा केवल अभिव्यक्ति का माध्यम नहीं

» बंगाल के राज्यपाल के साथ हिंदी विवि के कुलपति की बैठक

ब्यूरो | वर्धा.

देश के जाने-माने मनोविज्ञानी तथा महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विवि के कुलपति प्रो.गिरीश्वर मिश्र चार दिनों की यात्रा पर 18 मार्च की सुबह कोलकाता पहुंचे। उन्होंने कोलकाता विवि के मनोविज्ञान विभाग की स्थापना के सौ साल पूरा होने के अवसर पर 18 व 19 मार्च को आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में व्याख्यानं दिया। उन्होंने कतिपय सत्रों की अध्यक्षता भी की।

प्रो. मिश्र ने कोलकाता यात्रा के दौरान पश्चिम बंगाल के राज्यपाल केशरीनाथ त्रिपाठी से मुलाकात की और उन्हें विवि द्वारा प्रकाशित किताबों का एक सेट भेंट किया। इस अवसर पर राजयपाल ने भी अपनी किताबें कुलपति को भेंट की। राज्यपाल के साथ कुलपति की बैठक ढाई घंटे तक चली। कुलपति प्रो.मिश्र ने 20 मार्च को विवि के कोलकाता केंद्र में भाषा और यथार्थ पर व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि भाषा केवल अभिव्यक्ति का माध्यम नहीं है। बल्कि एक परफार्मेंस भी है, जिसके माध्यम से मित्र भी बनाया जा सकता है और शत्रु भी।

यह हमें तय करना है कि भाषा का उपयोग किस तरह का समाज बनाने में हम करना चाहते हैं। प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने कहा कि भाषा की ताकत है कि घोर निराशा के समय में एक व्यक्ति को निराशा का बिंब खींचने के बजाय उसे दूर करने के लिए अच्छे दिन लाने का सपना दिखाया और उसी का प्रभाव है जो आज का यर्थाथ भी है कि वह व्यक्ति देश की सत्ता में है। प्रो. मिश्र ने कहा की भाषा यथार्थ का निर्माण भी करती है। कुलपति ने इस अवसर पर कोलकाता केंद्र में संचालित होने वाले पाठयक्रमों के बारे में हिंदी-बांग्ला के बुद्धिजीवियों के साथ बैठक भी की। कुलपति ने 21 मार्च को कोलकाता केंद्र अधिकारियों के साथ बैठक कर केंद्र की अकादमिक गतिविधियों की समीक्षा भी की। प्रो.मिश्र ने 22 मार्च को कोलकाता से प्रस्थान किया।

दैनिक भास्कर

रविवार, 29 मार्च 2015,

(15)

शिक्षा मूल्य गर्भित प्रक्रिया : प्रो. मिश्र

ब्यूरो, वर्धा.

शिक्षा एक मूल्य गर्भित प्रक्रिया है। शिक्षा हमें वैकल्पिक दृष्टि और विवेक प्रदान करती है। समाज में मूल्य शिखा के प्रसार के लिए शिक्षा को एक प्रभावी माध्यम बनाना चाहिए। समाज से शिक्षा का सीधा संबंध विकसित हो तभी मूल्यों का संचार और तीव्र गति से हो पाएगा। उक्त विचार महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विवि के कुलपति प प्रो.गिरश्वर मिश्र ने व्यक्त किए। वे विवि में शिक्षा एवं मनोविज्ञान विभाग तथा भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में 28,29 एवं 30 मार्च को आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्घाटन के अवसर पर अध्यक्षीय वक्तव्य दे रहे थे। इस अवसर पर एनसीईआरटी, नई दिल्ली के निदेशक बी.के.त्रिपाठी, दिल्ली विवि में महिला अध्ययन व विकास विभाग की निदेशक प्रो.भारत बावेजा, दिल्ली विवि में अंतरराष्ट्रीय संबंध विभाग के अधिष्ठाता प्रो.आनंद प्रकाश, दिल्ली विवि में राजनीति विभाग के प्रो. प्रकाश नारायण, विवि के शिक्षा विद्यापीठ के अधिष्ठाता प्रों.अरविंद कुमार झा मंचासीन थे। शिक्षा विभाग के द्वारा शिक्षण, सीखने और जानने की दृष्टियों में बदलाव विषय पर तथा मनोविज्ञान विभाग द्वारा आधुनिक जीवन में मल्य संकट: समाज वैज्ञानिक परिप्रेक्ष्य और हस्तक्षेप विषय पर आयोजित शेष | पेज 14 पर

विवि का शिक्षा, मनोविज्ञान विभाग तथा भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली का संयुक्त आयोजन

शिक्षा मूल्य गर्भित...

